आरोग्य मंदिरों के खुलने से घर के पास ही स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने लगी : मेघवाल

■ बीकानेर का 17 वां शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर है, आने वाले समय में ऐसे सात और केन्द्र खोले जायेंगे

बीकानेर, (कासं)। केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल तथा बीकानेर (पूर्व) विधायक सुश्री सिद्धि कुमारी ने सोमवार को सुभाषपुरा में शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर मेघवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। शहरी क्षेत्र में खुले इन आरोग्य मंदिरों का प्रत्यक्ष लाभ स्थानीय लोगों को मिल रहा है। उनके माध्यम से आमजन को घर के पास ही स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने लगी हैं। उन्होंने कहा कि सुभाषपुरा के आरोग्य मंदिर में नियुक्त चिकित्साकर्मी अतिरिक्त संवेदनशीलता रखते हुए आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाएं।

मेघवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने कार्यकाल के पहले वर्ष में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट सबमिट आयोजन करवाया। अगले 4 वर्षों में यह सभी एमओयू धरातल पर उतरेंगे। जिनका प्रदेश को प्रत्यक्ष लाभ होगा। केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री मेघवाल ने कहा कि पूर्व में आम बजट 28 फरवरी को पेश किया जाता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस परम्परा को बदला और अब 1 फरवरी को बजट पेश किया जाता है। इसे 31 मार्च तक पास कर दिया जाता है। जिससे 1अप्रैल से बजट का क्रियान्वयन शुरू हो जाता है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार वन नेशन वन इलेक्शन की दिशा में कार्य कर रही है। सभी चुनाव एक साथ होने से विकास और सुशासन के लिए पर्याप्त समय मिलता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश गुप्ता ने बताया कि यह बीकानेर का 17 वां शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर है। आने वाले समय में ऐसे सात और केन्द्र खोले जायेंगे। यहां चिकित्सक फार्मासिस्ट एएनएमए नर्सिंग स्टाफ सहित 7 कार्मिकों की सेवाएं मिलेंगी। यहां प्रसव पूर्व जांच टीकाकरण मलेरिया डेंगू सर्विलेंस निशुल्क दवा व जांच का लाभ मिलेगा। इससे पहले केन्द्रीय मंत्री मेघवाल तथा विधायक सिद्धि कुमारी ने शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन किया। उन्होंने इसका अवलोकन किया और मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। कार्यक्रम में डॉ सत्यप्रकाश आचार्य नगर निगम उपायुक्त यशपाल आहूजा, गुमान सिंह राजपुरोहित, अशोक बोबरवाल, लक्ष्मी कंवर हाडला अतिथि के रूप में मौजूद थे। श्याम सिंह हाडला ने आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन संजय पुरोहित ने किया।

इस दौरान उपनिदेशक डॉ राहुल हर्ष डिप्टी सीएमएचओ स्वास्थ्य डॉ लोकेश गुप्ता, आरसीएचओ डॉ मुकेश जनागल, जिला टीबी अधिकारी डॉ चंद्रशेखर मोदी, जिला ड्रग वेयरहाउस प्रभारी डॉ. नवल गुप्ता, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इंदिरा कॉलोनी लालगढ़ सर्वोदय बस्ती व यूपीएचसी नंबर 4 के चिकित्सा अधिकारी एवं स्टाफ सहित क्षेत्र निवासी मौजूद थे।

शबद कीर्तन से गूंजा गुरूघर

श्रीगंगानगर,(कासं)। गुरू गोविन्द सिंह जयंती पर यहां सजे कीर्तन दीवान में 'तही प्रकाश हमारा भयो, पटना शहर विखै भव लयो ' और ऐसे ही कई शबद सोमवार को शहर के स्टेशन रोड स्थित गुरूद्वारा श्री गुरूसिंह सभा में गूंजे। कीर्तन दीवान में सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु जुटे। जहां भक्ति भाव में डूबकर लोगों ने गुरू की हुजूरी में शीश नवाया। सेवादारों ने भी गुरूद्वारे में लंगर सहित तमाम प्रबंध संभाले।

गुरूद्वारा परिसर में पिछले तीन दिन से लगातार आयोजन चल रहे हैं। शनिवार को अखंड पाठ शुरू हुआ। रविवार को निशान साहिब के चोले की सेवा की गई। सोमवार को कीर्तन दीवान सजाया गया। सुबह से ही गुरूद्वारा परिसर में बड़ी संख्या में लोग जुटने लगे। दोपहर तक तो आलम यह था कि गुरूद्वारा परिसर में पैर रखने की जगह नहीं थी। मुख्य हॉल से बाहर सीढ़ियों तक माथा टेकने आये लोगों की कतारें लगी थी। जहां एक ओर श्रद्धालु कतारों में लगे थे। वहीं रागी जत्थे गुरू महिमा का गान कर माहौल भक्तिमय बना रहे थे। अमृतसर के भाई सुखवंत जीत सिंह, रावला के भाई गुरमीत सिंह, भाई हरनेक सिंह, भाई नौनिहाल सिंह सहित कई रागी जत्थों ने 'तहि प्रकाश हमारा भयो...' सहित कई शबदों के जरिए कीर्तन कर श्रद्धालुओं को भक्तिभाव से भर दिया।

दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेजा

श्रीडूंगरगढ़, (कासं)। पुलिस थाना क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता को घर में अकेला देखकर उसको डरा धमकाकर दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी युवक भींयाराम मेघवाल को पुलिस द्वारा गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया। वहीं न्यायालय ने आरोपी युवक को बीकानेर जेल भेजने के निर्देश दिए। थाना क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता अपने छोटे बच्चों के साथ घर में अकेली थी। पति तेलंगाना काम के सिलसिले में गया हुआ था। पीछे से गांव का ही युवक जबरन घर में घुस गया और विवाहिता को डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। वहीं रावलामंडी थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 में एक नाली में भ्रूण मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर हैड कांस्टेबल सहीराम टीम के साथ मौके पर पहुंचे और भ्रूण को कब्जे में लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचाया। एसआई काशीराम ने बताया–प्रारंभिक दृष्टया भ्रूण दो से तीन महीने का प्रतीत हो रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए **दिनांक 27.01.2025 को 15:00 बजे तक** खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है:- **क्र. सं: 1. ई-निविदा सूचना संख्या: 182-24-25, दिनांक: 03.01.2025. कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मंडल इंजीनियर, उ.प.रेलवे, सादुलपुर के अधीन ट्रेक संबंधित विविध मरम्मत एवं रख-रखाव कार्य तथा सादुलपुर डिपो में पीवे मैटेरियल की अनलोडिंग का कार्य (दो वर्षों के लिए)। **अनुमानित लागत मूल्य:** ₹32189154.53. **धरोहर राशि:** ₹ 311000/-. **क्र. सं: 2. ई-निविदा सूचना संख्या : 183-24-25, दिनांक: 03.01.2025. कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मंडल इंजीनियर / लाईन, बीकानेर के नियंत्रण में बीकानेर मंडल पर स्थित एआरएफ फेसिलिटी की मरम्मत एवं रख-रखाव का कार्य 24 माह के लिए। **अनुमानित लागत मूल्य:** ₹21435099.20. **धरोहर राशि:** ₹ 257200/-. **नोट:** अन्य शर्ते रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 19-AR/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

देहात भाजपा अध्यक्ष बनाने में मंत्री गोदारा की विशेष भूमिका रहेगी

■ बीकानेर देहात से इस बार 6 न्याति ब्राह्मण नेताओं को अवसर मिल सकता है

बीकानेर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी की संगठन चुनाव की प्रक्रिया तेज हो गई है। बीकानेर में शहर भाजपा और देहात भाजपा के अलग-अलग अध्यक्ष चुने जाने हैं। शहर अध्यक्ष बनाने के लिए गंगाशहर को छोड़ शेष सभी मंडलों के अध्यक्ष बन गए हैं। वहीं देहात अध्यक्ष के लिए मंडल अध्यक्षों की घोषणा हो गई है। इस चुनाव में पार्टी की अंदरूनी राजनीति भी उभरकर सामने आ गई है।

शहर अध्यक्ष के लिए बीकानेर के जिन मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई है। उनमें रानी बाजार मंडल से मुकेश सैनी, नयाशहर मंडल से विशाल गोलछा, पुराना शहर मंडल से आशा आचार्य, लालगढ़ मंडल से धर्मपाल डूडी, जूनागढ़ मंडल से देवरूप शेखावत, मुक्ताप्रसाद मंडल से कपिल शर्मा, शिवबाड़ी मंडल से अभय पारीक, गोपेश्वर मंडल से प्रेम गहलोत, जस्सूसर गेट मंडल से दिनेश चौहान को अध्यक्ष चुना गया है।

अभी गंगाशहर मंडल से अध्यक्ष का फैसला होना शेष है। कालू में गणपत दास स्वामी, लूणकरनसर में प्रकाश नाथ, रुणिया बास रामनिवास खींचड़, धीरेरां राकेश नायक, महाजन सावन पुरोहित, पूगल डूंगरराम सेन, दंतौर रिंकू कंवर शेखावत, छतरगढ़ मुकेश शर्मा, बीछवाल तोलाराम कूकणा, डूंगरगढ़ देहात महेंद्र सिंह, मोमासर नरेश सारस्वत, नोखा देहात पवन राठी, नोखा शहर गंगाराम पांडिया, जांगलू मस्तानाराम पूनिया, पांचू करणाराम कुम्हार और मुकाम से मांगू सिंह को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है।

बीकानेर भाजपा शहर अध्यक्ष के लिए कई दावेदार मैदान में है। मंडल अध्यक्ष बनाने के मामले में बीकानेर पश्चिम के विधायक जेठानन्द व्यास का प्रभाव पूरी तरह रहा है। ऐसे में व्यास अपने हिसाब से ही नए शहर अध्यक्ष का चयन करवा सकते हैं। विधायक व्यास ने दो नामों को आगे किया है। जिन नामों पर फिलहाल चर्चा चल रही है। उनमें पूर्व मेयर नारायण चौपड़ा और पूर्व डिप्टी मेयर राजेन्द्र पंवार भी शामिल है। इसके अलावा यूआईटी के पूर्व चेयरमैन महावीर रांका और वर्तमान शहर भाजपा महामंत्री मोहन सुराणा भी आमने-सामने हैं। वहीं एक गुट विजय आचार्य को ही फिर से शहर अध्यक्ष बनाने में जुटा है।

उधर देहात भाजपा में अध्यक्ष बनाने के लिए संघर्ष ज्यादा करना पड़ रहा है। इसमें कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा की विशेष भूमिका रहेगी। देहात से इस बार 6 न्याति ब्राह्मण नेताओं को अवसर मिल सकता है। कोलायत से पार्टी महामंत्री श्याम पंचारिया का नाम दौड़ में आगे चल रहा है। इसके अलावा श्रीडूंगरगढ़ के छैलू सिंह, श्रीडूंगरगढ़ के रामेश्वर पारीक, नोखा के कन्हैयालाल सियाग को देहात अध्यक्ष बनाने के लिए लॉबिंग हो रही है। शहर व देहात अध्यक्ष के लिए कई युवा और वरिष्ठजन भी दावेदार हैं।

युवा महोत्सव अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ा

■ बाहर से आए युवा प्रतिभागियों ने अव्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई

हनुमानगढ़, (कासं)। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार राजस्थान की संस्कृति व कला को सुरक्षित करने के मकसद से बीकानेर संभाग के एक दिवसीय संभाग स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन सोमवार को जंक्शन स्थित बेबी हैप्पी मॉडर्न पीजी कॉलेज में किया गया।

महोत्सव में संभाग के तीनों जिलों श्रीगंगानगर, बीकानेर और हनुमानगढ़ के जिला स्तर के विजेता 100 प्रतिभागी युवाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान बाहर से आए युवा प्रतिभागियों ने अव्यवस्था को लेकर नाराजगी भी जताई। संभाग स्तर पर विजेता रहे युवा प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र, कला रत्न पुरस्कार व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। युवा महोत्सव में पांच घटकों की 13 प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। इसमें विज्ञान मेला, सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोक गायन, व्यक्तिगत लोक नृत्य, व्यक्तिगत लोक गायन, कविता लेखन, कहानी लेखन, पेंटिंग, हैंडीक्राफ्ट, टैक्स्टाइल, कृषि उत्पादन एवं राजस्थान की दुर्लभ कला यथा फड़, रावण हत्था, रम्मत, अलगोजा, मांडणा, कठपुतली, भित्ति चित्र, खड़ताल, मोरचंग, भपंग वाद्य यंत्र वादन में प्रतियोगिताएं हुई। संभाग स्तर के विजेता 8 से 10 जनवरी के मध्य आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में हिस्सा लेंगे। राज्य स्तर से विजेता राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के विजेता जापान में होने वाले अंतरराष्ट्रीय युवा महोत्सव में कला का प्रदर्शन करेंगे। संभाग स्तरीय युवा महोत्सव में हनुमानगढ़ के प्रतिभागियों की ओर से मुख्य रूप से युवाओं को नशे से दूर रखने व यातायात नियमों का पालन करने का संदेश देती प्रस्तुति दी गई। संभाग स्तरीय युवा महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में तिजारा विधायक बाबा बालकनाथ भी मौजूद थे। विधायक प्रतिनिधि संतोष बंसल, जिला कलक्टर कानाराम, न्यायाधीश अमित कड़वासरा, एडीएम उम्मेदी लाल मीना, भाजपा नेता प्रियंका बैलान, सीडीईओ पन्नालाल कड़ेला, डीईओ हंसराज जाजेवाल, सीबीईओ सीमा भल्ला, भगवान दास गुप्ता, प्राइवेट स्कूल कॉलेज एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण विजय, बैंच मजिस्ट्रेट अनुपमा विजय, महोत्सव के जिला कॉर्डिनेटर राहुल व्यास, बेबी हैप्पी मॉडर्न पीजी कॉलेज के वाइस चेयरमैन रौनक विजय,प्राचार्य डॉ. विशाल पारीक,पूर्व उपसभापति नगीना बाई, पूर्व पार्षद अर्चित अग्रवाल,गुरदीप सिंह बराड़,मनोज शर्मा,गौरव जैन,इंद्राज भाटी,मनोज बड़सीवाल,कपिल सैन आदि मौजूद रहे। तिजारा विधायक बाबा बालकनाथ ने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश के युवाओं के अन्दर छुपी प्रतिभा को सामने लाया जा रहा है।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :- नियोजन/ 2024/ **विज्ञप्ति** दिनांक : 12/12/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीगंगानगर फर्टीलाईजर कार्पोरेशन, जरिये खातेदार श्री लूणाराम पुत्र श्री धोकल राम, श्री विनोद पूनियांस, श्री अमन ऐचरा द्वारा चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 42 किला नं. 1 में 0.044 है., किला नं. 09 में 0.038 है., किला नं. 10 में 0.234 है. किला नं. 11 में 0.253 है., किला नं. 12 में 0.228 है. किला नं. 19 ता 22 प्रत्येक में 0.253 है. यथाकुल 1.809 है. भूमि के स्वीकृत वाणिज्यिक लेआउट प्लान में आशिक संशोधन हेतु न्यास में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ लेआउट प्लान की तकनिकी स्वीकृति आपके कार्यालय पत्रांक बीकेजेड/2522:10/ले-आउट प्लान/एसजीएनआर/1729 दिनांक 29.11.2016 एवं आंशिक संशोधन बीकेजेड/2522:74/2021/ले.आ./श्रीगंगानगर/1259 दिनांक 15.09.2021 द्वारा जारी है। विकासकर्ता द्वारा वरिष्ठ नगर नियोजक बीकानेर कार्यालय के पत्रांक दिनांक 15.09.2021 द्वारा आंशिक संशोधन स्वीकृत लेआउट प्लान ए, बी, सी, डी, में दर्शीत भूखण्ड सं. एस-1-ए एवं एस-1-बी में पुनः आंशिक संशोधन चाहा गया है। उक्त स्वीकृत व्यावसायिक योजना के भूखण्डधारियों/पटटाधारियों/हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि प्रस्तावित संशोधन में कोई आपत्ति हो तो समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस की समयावधि में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। संशोधन लेआउट प्लान के संबंध में पश्चात एवं जानकारी कार्यालय समय में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर में सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

सी डैक CDAC

ADMISSION NOTIFICATION

C-DAC ADVANCED LEVEL DIPLOMA COURSE ON HIGH PERFORMANCE COMPUTING AND ITS APPLICATION FOR GRADUATE STUDENTS BELONGING TO SC & ST CATEGORY

HIGHLIGHTS
- Duration: 6 Months
- Mode: Offline (Physical)
- No Registration Fee
- Course Fee: ~~Rs.1,75,000~~ FREE

BENEFITS
- Industry expert guidance
- Mentoring by C-DAC experts
- Rs.10,000 monthly stipend OR boarding and lodging will be provided
- Hands-on training session on latest technology

Last date to Apply January 31, 2025

c-huk@cdac.in

https://c-huk.cdacb.in

CBC 06140/12/0005/2425

12 वीं बोर्ड की प्रायोगिक परीक्षाएं 9 से

■ बोर्ड की प्रायोगिक परीक्षा बाह्य परीक्षक लेंगे

■ परीक्षकों की नियुक्ति शाला दर्पण पोर्टल के जरिए रेण्डम प्रणाली से होगी

बीकानेर, (कासं) राज्य के स्कूलों में पढ़ रहे 12 वीं कक्षा के लगभग 6 लाख विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं 9 जनवरी से शुरू होंगी। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने प्रायोगिक परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया है। यह परीक्षाएं 8 फरवरी तक आयोजित की जायेगी।

12वीं विज्ञान, भूगोल, चित्रकला और कंप्यूटर साइंस की प्रायोगिक परीक्षाएं करीब एक महीने तक चलेंगे। प्राइवेट (स्वयंपाठी) अभ्यर्थियों की प्रायोगिक परीक्षा 1 से 8 फरवरी के बीच कराई जायेगी। बोर्ड ने प्रायोगिक परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर दी है। विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा बाह्य परीक्षक लेंगे। परीक्षकों की नियुक्ति शाला दर्पण पोर्टल के जरिए कंप्यूटर से रेण्डम प्रणाली से की जायेगी। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी परीक्षक की नियुक्ति उसी के स्कूल में होती है तो इसकी सूचना बोर्ड के नियंत्रण कक्ष को तुरंत देनी होगी ताकि समय रहते हो उसके आवंटन में बदलाव किया जा सके। प्रायोगिक परीक्षा के दौरान अनुपस्थित अभ्यर्थी की परीक्षा किसी अन्य परीक्षक तथा अन्य स्कूल में नहीं ली जा सकेगी। हालांकि संस्था प्रधान की अनुमति से नियत तिथि को अनुपस्थित परीक्षार्थी की परीक्षा संबंधित परीक्षक से इस स्कूल में अन्य बैच में ली जा सकेगी। प्रैक्टिकल परीक्षा रोजाना दो बैच में होगी।

नशा तस्कर को दबोचा

अनूपगढ़, (कासं)। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से 2.900 ग्राम डोडा पोस्त जब्त किया। डीएसपी प्रशांत कौशिक के नेतृत्व में कार्रवाई बांडा से गिलावाली रोड पर की गई।

एसएचओ अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस ने गांव बांडा से गिलावाली रोड पर नाकाबंदी की थी। नाकाबंदी के दौरान एसआई सरदार सिंह मीणा और उनकी पुलिस टीम उक्त रोड पर खड़े थे। इसी दौरान एक व्यक्ति ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसकी तलाशी लेने पर 2.900 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 38 वर्षीय गुरप्रीत के रूप में हुई है, जो वर्तमान में बांडा में रह रहा है और मूल रूप से वार्ड नंबर 6, रायसिंहनगर का निवासी है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। एसएचओ अनिल कुमार ने बताया कि इस कार्रवाई में श्रीबिजयनगर एसएचओ गोविंद राम बिश्नोई की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

एक किलो अफीम सहित गिरफ्तार

नोखा, (कासं)। देशनोक पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 01.036 किलो अवैध अफीम जब्त की है।

अवैध मादक पदार्थ अफीम के परिवहन के प्रयुक्त प्रयोग में ली गई कार को भी जब्त किया है। थानाधिकारी सुमन शेखावत ने बताया कि रात्रि में उदयरामसर से एनएलसी बरसिहसर जाने वाली डामर रोड पर नाकाबंदी के दौरान देशनोक पुलिस जाप्ते ने एक कार में सवार पलाना के सोहनलाल जाट, नोजाराम जाट व बेरासर निवासी रामनिवास सारण के पास से 1.036 किलोग्राम अवैध अफीम मिली। अफीम और कार को जब्त किया। तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगी पुरस्कृत

बीकानेर, (कासं)। शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कमेटी द्वारा शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज के युवाओं के लिये आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 2024 के विजेता प्रतियोगियों को श्रीश्यामोजी वंशज मूधाड़ा भोजक प्रन्यास में आयोजित सम्मान समारोह में नकद पुरस्कार व अन्य सामग्री से पुरस्कृत किया गया। कमेटी के आर. के. शर्मा ने बताया कि पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि माणक भोजक सहित संयोजक जेठमल शर्मा, राजेश शर्मा, मदन गोपाल शर्मा, राधेश्याम सेवग, जे. के. शर्मा, विजयशंकर शर्मा, मनमोहन शर्मा, दुर्गादत्त भोजक, नरेन्द्र शर्मा, अनिल शर्मा, शिवकुमार व उप पुलिस निरीक्षक संजू रानी ने पुरस्कृत किया। स्नातक स्तर पर पिंकी शर्मा-प्रथम, गौरव सेवग-द्वितीय व तृतीय रहे। रामकुमार शर्मा को, स्नातकोत्तर स्तर पर सुनिता शर्मा-प्रथम, रूचिका शर्मा-द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे अजय कुमार सेवग को और सीनियर स्तर में मिलिंद शर्मा-प्रथम, केशव शर्मा-द्वितीय व तृतीय स्थानर पर रही प्रणिका शर्मा को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान पर रहे प्रत्येक वर्ग के तीनों प्रतियोगियों को 4100.00 द्वितीय स्थान के तीनों प्रतियोगियों को 2100.00 व तृतीय स्थान के तीनों प्रतियोगियों को 1100 रूपये की नकद राशि व भेंट कर सम्मानित किया गया। इनके अलावा 15 विजेता प्रतियोगियों को 151-151 रूपये का नकद पुरस्कार भी प्रदान किया गया।

आवेदन के लिए, नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या www.licindia.in पर विज़िट करें

हमें फौलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

भ्रामक फोन कॉल्स और झूठे/धोखाधड़ी वाले ऑफर्स से सावधान रहें. आईआरडीएआई बीमा पॉलिसी बेचने या बोनस की घोषणा करने या प्रीमियम के निवेश जैसी गतिविधियों में शामिल नहीं होता. जनता से निवेदन है कि ऐसे फोन कॉल प्राप्त करने पर वे पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं. **जोखिम घटकों, नियम व शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया बिक्री से पहले सेल्स ब्रोशर को ध्यानपूर्वक पढ़ लें.**

हुनर को सलाम, 12 वीं फेल आई.टी. कंपनी में फ्रंट एड प्रोग्रामर

■ बीकानेर के ऐसे ही युवा जो गरीबी, शिक्षा की कमी के बावजूद आज तकनीकी क्षेत्र में बड़ी-बड़ी कंपनियों में अपनी जगह बना चुके हैं

बीकानेर, (कासं)। कंपनियां डिग्री देखती हैं मगर हुनर को सलाम करने वालों की कमी भी नहीं है। भारत सरकार की स्किल डवलपमेंट योजना ने लोगों को चाहे सम्मान जनक रोजगार न दिलाए हों मगर बीकानेर के इंजीनियर ने कम शिक्षित युवाओं को मोटीवेशन से तकनीक के क्षेत्र में स्थापित करके दिखाया है।

युवा सिर्फ रोजगार ही नहीं बड़े पैकेज भी हासिल कर रहे हैं। सपनों की ऊंचाई को पंख देने के लिए सिर्फ इच्छाशक्ति और मेहनत की जरूरत होती है। सफलता उन लोगों का इंतजार करती है, जो खुद पर विश्वास करते हैं और अपने हालात को बदलने का साहस रखते हैं। यह स्टोरी बीकानेर के ऐसे ही युवाओं की है जो गरीबी, शिक्षा की कमी और सामाजिक बंदिशों के बावजूद आज तकनीकी क्षेत्र में बड़ी-बड़ी कंपनियों में अपनी जगह बना चुके हैं। इनमें से कुछ दर्जी थे, तो कुछ टीवी मैकेनिक, लेकिन एक अद्भुत मार्गदर्शक और अपने दृढ़ निश्चय के बल पर उन्होंने वह मुकाम पाया जो कभी उनकी कल्पना से भी परे था। इन युवाओं को देश की विभिन्न कंपनियों में 50 हजार से लेकर 1.5 लाख महीने तक के पैकेज मिल रहे हैं।

दसवीं पास नहीं कर सके मुरली स्वामी एक साधारण टीवी मैकेनिक थे। आज एक सफल एंड्रॉइड एप डवलपर हैं। उनका जीवन एक नई दिशा में तब मुड़ा, जब उन्हें एक साथी ने तकनीकी क्षेत्र में कॅरियर बनाने का सुझाव दिया। मुरली ने काउंसलर पुखराज की देखरेख में काम सीखा। आज वे एक फ्रीलांसर के रूप में काम कर रहे हैं और उनके बनाए एप्स कई अमेरिकी कंपनियों द्वारा उपयोग किए जा रहे हैं।

शिवलाल का जीवन भी बाबूलाल जैसा ही था। बारहवीं में असफलता के बाद टूट चुका था। परिवार की आर्थिक तंगी ने उन्हें दर्जी का काम करने पर मजबूर कर दिया। लेकिन काउंसलर ने उन्हें समझाया कि डिग्री की कमी बाधा नहीं बन सकती। शुरूआत में प्रोग्रामिंग की बारीकियां समझने में परेशानी हुई, लेकिन अब शिवलाल एक्सॉन कंपनी में सीनियर फ्रंट-एड डवलपर हैं।

इन सभी कहानियों के पीछे पुखराज प्रजापत का नाम है। बीकानेर इंजीनियरिंग कॉलेज के 2003 बैच के छात्र पुखराज ने खुद तकनीकी क्षेत्र में महारत हासिल की और अपने अनुभव को दूसरों की जिंदगी संवारने में लगाया। वे मानते हैं कि अगर किसी के अंदर सीखने की प्रबल इच्छा है, तो उसे कोई नहीं रोक सकता। काउंसलर पुखराज प्रजापत कहते हैं कठिन परिस्थितियां सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकती। सपनों को पूरा करने का जज्बा और सही मार्गदर्शन चाहिए।

पुखराज अब तक 20 युवाओं को उनके सपनों से भी आगे की मंजिल तक पहुंचा चुके हैं। पुखराज के साथ काम कर रहे वेब डवलपर हिमांशु व्यास ने बताया कि काम करने के लिए सिर्फ डिग्री डिप्लोमा ही नहीं कड़ी मेहनत से पाई गई दक्षता भी मंजिल तक ले जाती है। सोहा गांव के प्रकाश कुमावत वर्तमान में जेएड प्लेज कंपनी में फुल स्टैक डवलपर के रूप में काम कर रहे हैं।